भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2097
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय पासपोर्टों का वॉलेट के साथ एकीकरण

2097. **श्री एम. के. राघवनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय पासपोर्ट को एक सुरक्षित डिजिटल प्रारूप में संग्रहीत करने की संभावना की जांच की है, जिसमें एप्पल वॉलेट और गूगल वॉलेट जैसे डिजिटल वॉलेट प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय ने इस प्रकार के डिजिटल पासपोर्ट एकीकरण के लिए अपेक्षित व्यवहार्यता, सुरक्षा मानकों, और अंतर-संचालनीयता का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, स्मार्टफोन विनिर्माताओं या अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ परामर्श किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय की भारत के मौजूदा प्लेटफार्मों जैसे डिजीलॉकर अथवा अन्य सुरक्षित सरकारी ऐप के माध्यम से डिजिटल पासपोर्ट एकीकरण को सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और आप्रवास ब्यूरो के साथ समन्वय करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क और ख) वर्तमान में भारत सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) आप्रवास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत आप्रवास अधिकारियों को भारत में और भारत से यात्रा करते समय भारतीय आप्रवासन को पार करते समय भारतीय पासपोर्ट के सत्यापन के लिए पासपोर्ट डाटा की सीमित पहुंच प्रदान की गई है।

पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम को आधार, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र/उच्च विद्यालय प्रमाण पत्र जैसे सत्यापित दस्तावेज सीधे प्राप्त करने के लिए डिजिलॉकर के साथ एकीकृत किया गया है। विदेश मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के समन्वय से डिजीलॉकर प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीमित इनपुट मापदंडों पर सुरक्षित पासपोर्ट सत्यापन को भी सक्षम बनाया है।

*****